**Q.P. Code: 00006886**

**समय: ३ घंटे** **कुल अंक : १००**

**(कृपया जांचें कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है या नहीं।)**

**सूचना : (१) सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

**(२) उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक व उपक्रमांक अवश्य लिखे।**

**प्रश्न १. निम्न लिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।** **(२७)**

(क) जैसे तुम गज को पाऊं छुड़ायौ।
अपने जन को दुखित जानि के पाऊं पियादे घायौ।
जहँ – जहँ गाढ़ परी भक्तिन कौ, तहँ – तहँ आपु जलायौ।
भक्ति – हेत प्रहलाद उबारयो, द्रोपदी चीर बढायौ ।।
प्रीति जानि हरि गये बिदुर कै, नामदेव – घर छायौ।
सूरदास द्विज दीन सुदामा, तिहिं दारिद्र नसायौ।

**अथवा**

जिन्हें देश-काल का पता नहीं
वे भी इस लड़ाई पर अपना मत रखते हैं
रूस, चीन, अमरीका, इंगलैंड का
जर्मनी, जापान और इटली का
नाम लिया करते हैं
साथियों की आँखों में आँखे दल-डाल कर
पूछते हैं, क्या होगा।

(ख) पुरुष वीर बलवान,
देश की शान,
हमारे नौजवान
घायल होकर आये है।
कहते हैं, ये पुष्प, दीप,
अक्षत क्यों लाये हो?

**अथवा**

भारत भूमि में किसी पुन्य पावक ने किया प्रवेश।
धधक उठा है एक दीप की लो-सा देश।
खौल रही नदियाँ, मेघों में शंपा लहक रही है।
फट पड़ने को विकल शैल की छाती दहक रही है।
गर्जन, गूंज, तरंग, रोष, निर्घोष, हांक, हुंकार !
जाने, होगा शमित आज क्या खाकर पारावार !



XJAYANTOY9A3D27XJAYANTOY9A3D27XJAYANTOY9A3D27XJAYANTOY9A3D27

(ग) अबकी बार लौटा तो
बृहत्तर लौटूँगा
चेहरे पर लगाए नोकदार मूंछे नहीं
कमर में बांधे लोहे की पूंछे नहीं
जगह दूंगा साथ चल रहे लोगों को
तरेर कर न देखूंगा उन्हें
भूखी शेर – आँखों से।

**अथवा**

और हम क्या इसी तरह
पीढ़ी - दर पीढ़ी -
उन्हें गर्व से दिखते रहेंगे
अपनी प्रचीनताओं के खंडहर
अपने मंदिर मस्जिद गुरूद्वारे ?

**प्रश्न २. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (३६)**

(च) कबीर निर्गुण ज्ञानमार्गीय शाखा के कवि थे। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'सरकारी कोयल' कविता में किस तरह से व्यंग्य को दर्शाया है, सोदाहरण लिखिए।

(छ) 'जनता जगी हुई है' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते है?

**अथवा**

'समर शेष है' कविता में प्रस्तुत संदेश का वर्णन कीजिए।

(ज) 'स्पष्टीकरण' कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'बाजारों की तरफ' कविता का उद्देश्य लिखिए।

**प्रश्न ३. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। (१२)**

(त) बिहारी के काव्य की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

(थ) 'आज कसौटी पर गाँधी की आग है' कविता में निहित व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

(द) 'क्या वह नहीं होगा' कविता का उद्देश्य लिखिए।



XJAYANTOY9A3D27XJAYANTOY9A3D27XJAYANTOY9A3D27XJAYANTOY9A3D27

**प्रश्न ४. निम्नलिखित टिप्पणियों को लिखिए।** **(१५)**

(प) ‘आजकल लढाई का जमाना है’ कविता की मूल संवेदना।

**अथवा**

‘नदी और साबुन’ कविता में निहित समस्या।

(फ) ‘परशुराम की प्रतीक्षा’ कविता के प्रथमखण्ड का कथानक।

**अथवा**

‘हिम्मत की रोशनी’ कविता का कथानक

(ब) ‘अंतिम ऊँचाई’ कविता का केन्द्रीय भाव।

**अथवा**

‘घर रहेंगे’ कविता का केन्द्रीय भाव।

**प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** **(१०)**

१. राजा दशरथ के मृत्यु के समय भरत और शत्रूघ्न कहाँ थे ?
२. सेहरा पढ़ने, सोहर गाने और ठुमरी जगानें की बात कौन करता हैं ?
३. ‘घर’ कविता के रचनाकार कौन है ?
४. परशुराम की प्रतीक्षा कविता किस को केंद्र में रखकर की गई है ?
५. ‘जनता जगी हुई है’ कविता में नदियों का पानी कैसा है ?
६. कौन कह रहा है पशु मत बनो ?
७. ‘दिनकर’ को किस रचना के लिए ज्ञानपीठ पुरूस्कार प्राप्त हुआ ?
८. अंतिम ऊँचाई कविता में कितने दिशाओं की बात की गई है ?
९. क्या वह नहीं होगा कविता में कवि के अनुसार हमारे बच्चों को कौन खरीद के ले जायेंगे ?
१०. ‘एक छोटा सा अनुरोध’ कविता में कवि बाजार न जाकर कहाँ जाने के लिए कहता है ?

******************



XJAYANTOY9A3D27XJAYANTOY9A3D27XJAYANTOY9A3D27XJAYANTOY9A3D27